# मूल स्वरूप में बदलाव किए बगैर पुराने भवन को दे

- एक करोड़ तीस लाख की लागत से पर्यटन भवन का कायाकल्प
- आठ साल के बाद फिर आबाद होगा पुराना एसडीएम कार्यालय

मदन शर्मा

**नवभारत प्रतिनिधि, नर्मदापुरमः कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित हो रहे जिला संग्रहालय को जल्द ही सतरास्ते स्थित पुराने एसडीएम कार्यालय परिसर में शिफ्ट किया जाना है.मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम 1 करोड़ 30 लाख की लागत से परिसर को नया रूप दे रहा है. सालों पुराने भवन का कायाकल्प तो हो रहा है लेकिन इसके मूल स्वरूप में बदलाव नहीं किया जा रहा है.**

भवन में जिस तरह पुरानी चौखट और दरवाजे लगे थे उन्हें नए सिरे से उसी रूप में तैयार किया जा रहा है जिससे भवन के मूल स्वरूप में कोई बदलाव न हो. अभी इस भवन को तैयार होने में तीन महीने ओर लगेंगे. इससे पहले पुरातत्व विभाग साढ़े आठ लाख रुपए खर्च कर कुछ हिस्से की मरम्मत करवा चुका था.



नर्मदापुरम : सतरास्ते के पास स्थित पुराना एसडीएम कार्यालय का हो रहा कायाकल्प.

**खस्ताहाल भवन में संचालित हो रहा संग्रहालय-** अभी कलेक्ट्रेट परिसर के जिस भवन में जिला संग्रहालय संचालित हो रहा है उसकी हालत खराब है. भवन की दीवारों में कई जगह दरारें आ गईं है। साथ ही फर्श भी धंसक रहा है जिससे फर्श में लगे पत्थर भी निकलने लगे हैं.जिस भवन में मूर्तियां व पुरातात्विक अवशेष रखे हुए हैं उसमें पर्याप्त जगह भी नहीं है. इस वजह से भवन में कुछ प्रतिमाएं बाहर बरामदे और कुछ पीछे गैलरी में रखी हुई हैं. संग्रहालय में जिन स्टैंड पर प्रतिमाएं रखीं हैं उनमें से कुछ स्टैंड टूट चुके हैं.

**संग्रहालय में संरक्षित हैं 218 अवशेष-** कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित हो रहे जिला संग्रहालय में दो लाख वर्ष पुराना हाथी दांत का जीवाश्म, द्वार स्तंभ, नर्तक नृत्यांगना, भगवान बुद्ध, हनुमान, शिव पार्वती, शेषशायी विष्णु, गरूडासीन लक्ष्मीनारायण, केशव, विष्णु महिसासुर, गणेश, कार्तिकेय और पार्श्वनाथ की प्राचीन मूर्तियां मौजूद है.यहां कुल 218 पुरावशेष संकलित है.जिनमें प्रमुखता शैव, वैष्णव तथा जैन धर्म से संबंधित है.

**आठ साल से खाली पड़ा है भवन**

जिस जगह संग्रहालय को शिफ्ट करने की योजना हैं वहां पहले एसडीएम व तहसील कार्यालय संचालित होता था .आठ साल पहले तहसील कार्यालय को तवा भवन व एसडीएम कार्यालय को पुराने कलेक्टर कार्यालय में शिफ्ट किया गया . तब से यह भवन खाली पड़ा है . देखरेख के अभाव में परिसर जर्जर हो गया है .कच्ची छत वाले पुराने भवन को मूल स्वरूप में ही विकसित किया जा रहा हैं . परिसर में संग्रहालय शिफ्ट होने से सतरास्ते पर आने वाले बाहरी लोग भी इसका लाभ ले पाएंगे जिससे विभाग को भी राजस्व मिलेगा .

**इनका कहना है .**

सातरास्ते स्थित एसडीएम व तहसील कार्यालय परिसर को जिला संग्रहालय के रूप में विकसित किया जा रहा है . कायाकल्प में कोशिश है कि भवन के मूल स्वरूप में कोई बदलाव न हो .पुराने भवन में चौखट-दरवाले सहित अन्य चीजों को उसी स्वरूप में तैयार करवाया जा रहा है . अभी इसे तैयार होने में तीन महीने ओर लग सकते है .

**राजीव श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री, मप्र पर्यटन विकास निगम**

# संविदा स्वास्थ्यकर्मियों की हड़ताल स्थगित

- आश्वासन के बाद काम पर लौटे स्वास्थ्यकर्मी
- मांगें पूरी न होने पर फिर आंदोलन की चेतावनी



**हरदा , 10 जून. पिछले आठ दिनों से चल रही संविदा स्वास्थ्यकर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल फिलहाल स्थगित कर दी गई । प्रदेश संगठन और सरकार के बीच प्रमुख मांगों पर सैद्धांतिक सहमति बनने के बाद सभी हड़ताली कर्मचारी वापस अपने-अपने कार्यस्थलों पर लौट आए है । संगठन के सदस्यों ने जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ एच.पी.सिंह को आवेदन सौपा है ।**

संगठन की जिलाध्यक्ष सोनू चौहान ने बताया कि 8 और 9 जून को शासन के साथ हुई चर्चा में उनकी मांगों पर सकारात्मक आश्वासन मिला है। इसी आश्वासन के सम्मान में संगठन ने हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है । हालांकि, स्वास्थ्यकर्मियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने निर्धारित समय-सीमा के भीतर उनकी मांगें पूरी नहीं कीं, तो वे दोबारा आंदोलन शुरू करने के लिए हम सभी बाध्य होंगे। संविदा स्वास्थ्यकर्मियों की इस 8 दिवसीय हड़ताल के कारण जिले की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बुरी तरह चरमरा गई थीं।

संविदा स्वास्थ्यकर्मियों की प्रमुख मांगों में संविदा कर्मचारियों का तत्काल नियमितिकरण किया जाए , नियमित कर्मचारियों के समान वेतन, महंगाई भत्ता और इंक्रीमेंट दिया जाए , नेशनल पेंशन सिस्टम और हेल्थ इंश्योरेंस योजना का लाभ दिया जाए , नियमित छुट्टियां प्रदान की जाएं , गलत वेतन निर्धारण में तत्काल सुधार हो और हर साल वेतन में 10 प्रतिशत की वृद्धि सुनिश्चित की जाए।

# पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान के जिला अस्पताल में शिविर आयोजित



**नर्मदापुरम, 10 जून.** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर जिला चिकित्सालय में विशेष मातृत्व स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया. शिविर में गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क प्रसव-पूर्व जांच, चिकित्सकीय परामर्श तथा आयरन एवं कैल्शियम दवाओं का वितरण हुआ . उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान कर नियमित फॉलो-अप की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई. कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एंव विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

# सड़क पर अतिक्रमण बना लोगों की समस्या

- शहर में बढ़ता अतिक्रमण बना बड़ी समस्या
- आमजन परेशान, 5 रुपये में बिक रहे लाखों के फुटपाट

**नवभारत प्रतिनिधि**

**नर्मदापुरम, 10 जून.** शहर में अतिक्रमण की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है. सड़कों, फुटपाथों और सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था चरमरा गई है. इसका सीधा असर आम लोगों के दैनिक जीवन पर पड़ रहा है.लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं पैदल चलने वाले नागरिकों के लिए भी सुरक्षित रास्तों का अभाव बना हुआ है. मुख्य बाजारों की स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक बनी हुई है. शहर के व्यस्त बाजार क्षेत्रों में संकरी सड़कों के दोनों ओर अतिक्रमण का दबाव बढ़ता जा रहा है. एक ओर वाहन सड़क किनारे खड़े रहते हैं तो दूसरी ओर कई दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों का सामान सड़क तक फैला देते हैं. इसके कारण सड़क की चौड़ाई काफी कम हो जाती है.



**इनका कहना है .**

मुख्य बाजार में पार्किंग की जगह तलाशी जा रही हैं, जो दुकानदार सड़कों पर कब्ज़ा करते हैं उन्हें बार बार समझाइस दी जा रही साथ ही जुर्माने की कार्रवाई भी की जाती हैं .

**नीतू महेंद्र यादव नपाध्यक्ष नर्मदापुरम**

# अनस मिर्जा बने नगर अध्यक्ष

**इटारसी , 10 जून .** मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एडवोकेट अनस मिर्जा को नर्मदापुरम नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है. संगठन ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में परिषद की गतिविधियों को नई गति मिलेगी और समाज के विभिन्न वर्गों तक संगठन की पहुंच और मजबूत होगी. यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट मोहम्मद माहिर के अनुमोदन तथा जिला अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अथर खान एवं जिला उपाध्यक्ष इमाम शाह की अनुशंसा पर की गई है. एड. अनस मिर्जा पेशे से अधिवक्ता हैं और लंबे समय से सामाजिक कार्यों एवं जनहित के मुद्दों से जुड़े रहे हैं. युवाओं के बीच उनकी सक्रियता और कानूनी मामलों की समझ को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है.



# 100 किमी पीछा कर गौ तस्करों की

**नर्मदापुरम, 10 जून . विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस के सहयोग से एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित गौ तस्करी में प्रयुक्त आइशर वाहन को पकड़कर 24 गौवंशों को सुरक्षित बचाया. कार्यकर्ताओं ने करीब 100 किलोमीटर तक चार फोर व्हीलर वाहनों से पीछा कर संदिग्ध वाहन को बैतूल-केसला मार्ग पर रोका.**

जानकारी के अनुसार, भोपाल की ओर से एक आइशर वाहन में गौवंशों को क्रूरता पूर्वक भरकर ले जाए जाने की सूचना मिलने पर



विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की गौरक्षा टीम सक्रिय हो गई. भोजपुर जिला गौरक्षा प्रमुख मुकेश कीर, गजराज मीणा, मनीष, आशीष यादव, दिनेश तथा गौरव कलावत सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने वाहन का पीछा शुरू किया. काफी दूरी तक पीछा करने के बाद संदिग्ध वाहन को रोककर उसकी जांच की गई. वाहन में गौवंशों को अत्यधिक भीड़भाड़ और अमानवीय स्थिति में भरा गया था. कई पशु दमघोंटू हालात में पाए गए, जिससे उनकी जान को खतरा था.

इसके बाद कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन की मदद से वाहन को देहात थाने पहुंचाया. कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी गौवंशों को सुरक्षित निकालकर रंधाल गौशाला भेजा गया. वाहन से 13 गाय, 9 बछड़े और 2 बैल सहित कुल 24 गौवंश बरामद किए गए.

# शहर में सूरज उगल रहा आग



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 10 जून .** प्री-मानसून गतिविधियों के बावजूद नर्मदापुरम जिले में भीषण गर्मी और उमस से लोगों का हाल बेहाल है. पिछले कुछ दिनों में हुई हल्की बारिश से राहत मिलने की उम्मीद थी, लेकिन मौसम ने फिर करवट ले ली है. तेज धूप और चिपचिपी गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है. सुबह से ही गर्म हवाओं और उमस का असर महसूस होने लगता है, जबकि दोपहर तक हालात नौतपा जैसे हो जाते हैं. बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. दिनभर तेज धूप के कारण सड़कों पर आवाजाही कम रही और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले. बढ़ती उमस के कारण रात के समय भी लोगों को राहत नहीं मिल रही है.

# कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित

**माखन नगर, 10 जून .** नगर कांग्रेस कमेटी माखन नगर की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है. नगर कांग्रेस अध्यक्ष रत्नेश बडगूजर द्वारा प्रस्तावित कार्यकारिणी को जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडे ने स्वीकृति प्रदान की है. नई टीम में विभिन्न पदों पर पार्टी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं. कार्यकारिणी में नवल किशोर महेश्वरी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है. वहीं मुकेश सोनी, आशीष द्विवेदी और भवानी साहू को उपाध्यक्ष बनाया गया है.

**आयोजन** — विद्यार्थियों ने खेल, अनुशासन, आत्मविश्वास और रचनात्मकता प्रदर्शन का दिया परिचय

# समर कैंप में बच्चों ने दिखाया हुनर

**नवभारत प्रतिनिधि**

**नर्मदापुरम, 10 जून। हरदा बायपास रोड स्थित पंडित रामलाल शर्मा इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल में आयोजित 'उत्साह समर कैंप' का समापन समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान आयोजित इस कैंप में विद्यार्थियों ने खेल, अनुशासन, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।**



विद्यालय संचालक अरुण शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना था। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संस्कारों का विकास भी उतना ही आवश्यक है।

विद्यालय के प्राचार्य अरुण अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अवकाश का समय नई चीजें सीखने और अपनी प्रतिभा को निखारने का सबसे बेहतर अवसर होता है। उन्होंने बच्चों को जीवन में निरंतर सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कैंप प्रभारी प्रवीण मीणा के नेतृत्व में सभी गतिविधियों का सफल संचालन किया गया। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा, अनुशासन और रुचियों को प्राथमिकता देते हुए पूरे कैंप को





| SUBJECT | STUDENT NAME | MARKS |
|---|---|---|
| MUSIC | AKSHARA SAINI | 99 |
| ENGLISH | AADYA TANDON | 98 |
| BUSINESS STD. | SHOURYA GOUR | 98 |
| IP | AADYA TANDON | 98 |
| PE | HIYA BAMBEY | 98 |
| HISTORY | MAHAK MOURYA | 98 |
| BIOLOGY | HARSH YADAV | 97 |
| HINDI | MAHAK MOURYA | 97 |
| ACCOUNTANCY | SHOURYA GOUR | 95 |
| ACCOUNTANCY | AKSHARA SAINI | 95 |
| ECONOMICS | AKSHARA SAINI | 95 |
| POLITICAL SCIENCE | MAHAK MOURYA | 97 |
| BIOLOGY | AADYA TANDON | 94 |
| GEOGRAPHY | PRIYA KUMAWAT | 93 |
| PHYSICS | SOMYA T. | 86 |
| CHEMISTRY | AADYA TANDON | 86 |
| MATHS | AADYA TANDON | 85 |
| MATHS | AKSHARA SAINI | 85 |

Class XII ENGLISH HIGH ACHIEVERS

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| AADYA TANDON-98% | ATHARV MALVIYA-94% | AKSHARA SAINI-94% | GAUTAMI UPADHYAY-93% | AAYUSH KHANNA-92% | MANISH MITRA-92% | ANUSHKA CHOUDHARY-92% | KUSHAGRA GAREWAL-91% | DEVANSH JAISWAL-90% | KUSHAL KUMAR PARTE-90% |
| MAHAK MOURYA-96% | HIYA BARIBEY-95% | ISHA SHARMA-94% | SANKALP TIWARI-93% | AKSHA FATEMA KHAN-92% | PRASHANT DEHARIYA-92% | PARTH BADONE-91% | MAYANK YADAV-91% | MOHIT CHATURVEDI-90% | MADHAV KUMAR-90% |
| ASHMEERA KHAN-95% | SANSKRITI KOL-94% | SHOURYA GOUR-94% | SOUMYA TAMRAKAR-93% | ANSH MALVIYA-92% | ADITI YADAV-92% | SHAMBHAVI MANI TRIPATHI-91% | HRISHIKA AHAKE-91% | DIPANSHIKA-90% | VEDIC DIXIT-90% |
| HARSH NARAYAN MISHRA-95% | YASHIKA SHARMA-94% | PRIYA KUMAWAT-94% | ASHMIT MOHANTY-93% | HARSH YADAV-92% | AISHWARY CHOUHAN-92% | AANCHAL GOSWAMI-91% | ARADHYA MEHTO-90% | JAYSHREE CHOUHAN-90% | SEJAL SJAIV-90% |